प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 20.06.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1. चोरी की मोटरसाईकिल के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना कांठः-

अवगत कराना है कि दिनांक 16.05.2024 को वादी श्री अजीत कुमार पुत्र स्व0 जसपाल सिंह निवासी ग्राम रमपुरा थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद ने अज्ञात चोर द्वारा वादी की मोटर साईकिल हीरो हॉन्डा स्पलेन्डर प्रो रजिस्ट्रेशन नं0 - यू0पी0 21 ए0पी0 7607 चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना कांठ पर तहरीर दी, तहरीरी सूचना के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0सं0- 179/2024 धारा 379 भादवि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। विवेचना व साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त केशव देवल उर्फ बिट्टू पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम देहरी जुम्मन थाना काँठ जनपद मुरादाबाद का नाम प्रकाश में आया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 20.06.2024 उ0नि0 यशवीर सिंह थाना कांठ जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त केशव देवल उर्फ बिट्टू पुत्र महेन्द्र सिंह उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी मो0सा0 हीरो हॉन्डा स्पलेन्डर प्रो रजिस्ट्रेशन नं0 - यू0पी0 21 ए0पी0 7607 बरामद की गयी। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 बा0द0वि0 की वृद्धि की गयी ।अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है। अभियुक्त उपरोक्त शातिर किस्म का अपराधी है जिस पर अन्य अभियोग भी पंजीकृत है।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 85/2016 धारा 384/506 भादवि थाना काँठ,
2. मु0अ0सं0 102/2015 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना काँठ,
3. मु0अ0सं0 153/2014 धारा 392/411 भादवि थाना काँठ,
4. मु0अ0सं0 213/2019 धारा 229ए भादवि थाना काँठ,
5.मु0अ0सं0 217/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना काँठ,
6. मु0अ0सं0 185/2016 धारा 8 /20 एनडीपीएस एक्ट थाना गलशहीद,
7.मु0अ0सं0 174/2010 धारा 307 भादवि थाना काँठ,
8. मु0अ0सं0 175/2010 धारा 110जी थाना काँठ,
9. मु0अ0सं0 799/2014 धारा 379 भादवि थाना मझोला जनपद मुरादाबाद।

2. जनपदीय पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने के 04 आरोपीयों को किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 19.06.2024 को शान्ति भंग कर रहे आरोपीगण को **थाना मैनाठेर पुलिस** द्वारा आरोपीगण 1.मोनू पुत्र कल्लू सिंह, 2.भीम सेन पुत्र उम्मेदी निवासीगण ग्राम लदुपुरा थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद तथा **थाना कटघर पुलिस** द्वारा आरोपीगण 1. मतलूब पुत्र मल्लू, 2. मौहम्मद कय्यूम पुत्र मल्लू निवासीगण ग्राम भैंसिया थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं शान्तिव्यवस्था कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा 151/107/116 Cr.P.C में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

3. थाना भोजपुर पुलिस ने 02 वारण्टी को किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण एंव वांछित/वारण्टीयों की गिरफ्तारी चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 20.06.2024 को उ0नि0 अजय दुबे व उ0नि0 महेशचन्द थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त/वारंटी 1.शफीक पुत्र अकबर निवासी ग्राम पीपलसाना थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित वारण्ट मुकदमा न0 684/21 अ0सं0 245/20 धारा 323/324/504 भादवि व 2.वसीम पुत्र बाबू घोसी निवासी लालूवाला थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित वारण्ट मुकदमा न0 587/11 अ0सं0 119/11 धारा 354 भादवि0 को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय भेजा गया।